निगम को हैंडओवर कॉलोनियों का निगमायुक्त रोहित व्यास ने लिया जायजा, सफाई को लेकर मोहल्ले वासियों से लिए फीडबैक, सीवरेज लाइन का भी किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने हाउसिंग बोर्ड से हैंडओवर कॉलोनी 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड तथा सुंदर विहार के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई, व्यवस्था तथा कॉलोनी में आवश्यक सुविधाओं को लेकर जायजा लिया। मोहल्ले में नालियों की सफाई व्यवस्था तथा सार्वजनिक स्थानों पर सफाई देखी। इस दौरान मोहल्ले के निवासियों से भी सफाई को लेकर उन्होंने फीड बैक लिया। सीवरेज लाइन की व्यवस्था भी देखी। कुछ स्थानों पर ओवर फ्लो की शिकायत प्राप्त होने पर, समाधान के लिए शीघ्र ही अतिरिक्त टैंक निर्माण करने के निर्देश आयुक्त ने दिए। इसके साथ ही उन्होंने नियमित रूप से सक्शन यूनिट के जरिए गंदगी की सफाई करने विभाग के अधिकारियों को मौके पर आदेशित किया। स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत गीला कचरा, सूखा कचरा, निर्माण एवं विध्वंस के मलबे पर जुर्माना की कार्रवाई के साथ ही उठाव, कंस्ट्रक्शन एरिया को ग्रीन नेट से कवर करके रखना, दुकानों में अनिवार्य से डस्टबिन रखना इन सभी को लेकर उन्होंने मौके पर निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त येशा लहरें, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, स्थानीय पार्षद नोहर वर्मा, प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, प्रभारी सहायक अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता प्रिया खैरवार आदि मौजूद रहे। निर्माण एवं विध्वंस का मलबा सड़क पर मिला दुकान मालिक पर लगाया गया 5000 जुर्माना निरीक्षण के दौरान निर्माण एवं विध्वंस का मलबा सड़कों पर पाया गया। जिसको देखते हुए दुकान मालिक पर 5000 का जुर्माना लगाया गया इसके साथ ही मलबे को हटाने एक दिवस का समय दिया गया। इसी प्रकार से एक अतिरिक्त स्थान पर मकान मालिक द्वारा निर्माण के मटेरियल को रास्ते पर फैला दिया गया था जिसके मटेरियल को निगम के द्वारा जब्ती बनाई गई। कुछ स्थानों पर बास और बल्ली की सहायता से सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण की नियत से खुटे आदि गड़ा दिए गए थे जिसे हटाने की कार्यवाही निगम ने मौके पर की।